उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P.POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN: U32201UP1999SGC024928

संख्या:–1254–अ0प्र0–07/पा0का0लि0/21–19–अ0प्र0–07/14 **दिनांक 13/04/2021**

सूचना

विद्युत सेवा आयोग के विज्ञापन सं0–05/विसेआ/2019/पी0ओ0 के अन्तर्गत सीधी भर्ती के माध्यम से कार्मिक अधिकारी के पदों पर चयनित किये गये अभ्यर्थियों को कारपोरेशन की सूचना संख्या–1105–अ0प्र0–07/पा0का0लि0/2021–19–अ0प्र0–07/14, दिनांक 25.03.2021 के अनुक्रम में सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित चयनित अभ्यर्थी, जिनको नियुक्ति पत्र 1024–अ0प्र0–07/पाकालि/2021, दिनांक 23.03.2021 निर्गत कर दिये गए हैं, तद्नुसार आवश्यक सम्पूर्ण प्रपत्रों को तैयार कर, दिनांक 15.04.2021 (सुबह 10:00 बजे) को 15 वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ में कार्मिक अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक होगा :–

1. अभ्यर्थीगण निर्धारित तिथि एवं समय पर मास्क पहनकर ही 15 वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ में उपस्थित हो एवं अपने साथ वांछित मूल एवं छायाप्रति अभिलेखों के साथ प्रवेश करें।
2. अभ्यर्थियों से भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों (यथा सोशल डिस्टेन्सिंग, सैनिटाइजिंग) का पालन करना अपेक्षित है, तथा उनको आपस में मिलना जुलना एवं नजदीक नहीं बैठना है।
3. परिसर के गेट पर पहुँचने पर अभ्यर्थियों को हैण्डवाश एवं सेनेटाइजर उपलब्ध कराया जायेगा। हैण्डवाश एवं सेनेटाइजर का उपयोग करने एवं थर्मल स्कैनिंग कराने के उपरान्त ही परिसर में प्रवेश करेंगे।
4. जिन अभ्यर्थियों को कोविड–19 के लक्षण (यथा बुखार, खांसी, जुकाम या अन्य) हैं, वे अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने हेतु न आयें एवं कारपोरेशन को ई–मेल द्वारा uppcljs02@gmail.com पर सम्बन्धित साक्ष्यों सहित निर्धारित तिथि से पूर्व ही सूचित करें। उक्त अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाएगा।
5. नियुक्ति पत्र में वर्णित समस्त मूल प्रमाण पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जाना सम्भव नहीं होगा। अतः अभ्यर्थीगण समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रपत्रों के जाँच/सत्यापन हेतु उपस्थित हों।

(राजेन्द्र कुमार वर्मा)
उप सचिव (07)